प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है बल्कि भारतवासियों के मूल्यों और भावनाओं की एक अभिव्यक्ति है। नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज एक अरब चालीस करोड भारतीय, एकजुट होकर देश को विकसित भारत बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। गुजरात के दाहोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंरने कहा कि वर्तमान समय की मांग यह है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आवश्यक हर चीज देश में निर्मित होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में आधुनिक वाहन दौड रहे हैं, इसके पीछे का एक बडा कारण नई प्रौद्योगिकी और युवा कार्यबल को हमारे देश द्वारा विकसित किया जाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विनिर्माण की दुनिया में आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत देश में निर्मित घरेलू आवश्यकताओं या निर्यातित उत्पादों के लिए वस्तुओं का उत्पादन कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अपने उत्पादों का निर्यात विश्व के विभिन्न देशों में कर रहा है, यह विकास निरंतर हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंग्लैंड, सऊदी अरब, फ्रांस और बहुत से अन्य देशों में चलने वाली रेलगाडियों के कलपुर्जे भारत में निर्मित हुए हैं। मेक्सिको, स्पेन, जर्मनी, इटली और अन्य देशों की रेलगाडियों के बडे–बडे कलपुर्जे और अन्य यंत्रों का निर्माण भारत में हुआ है और उनका निर्यात किया जा रहा है।

..........................................

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे से शिमला वापस लौट गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर प्रदेश के लिए उदार वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा लम्बित धनराशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी कई अहम बैठकें कर कई मामले उठाए।

..........................................

केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने दो दिवसीय हिमाचल दौरे के दौरान पालमपुर के हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान में बायोचार और उर्वरक उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आई एच बी टी प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को फूलों की खेती से जोड़ने पर पर्यटन का एक नया आयाम स्थापित होगा जिससे किसानों की आय भी चार गुना बढ़ जाएगी।

.........................................

<u>कोरोना</u>

देश के कई राज्यों में कोरोना के मामले आने के बाद प्रदेश सरकार ने हिमाचल में भी अलर्ट जारी किया है। मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पतालों को कोविड–19 और इन्फंलूजा के मामलों को लेकर कड़ी निगरानी और उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि प्रदेश में अभी तक कोरोना का कोई मामला सामने नहीं आया है। लेकिन एहतियात के तौर पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

.........................................

<u>योजना</u>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए मण्डी ज़िले की सभी पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मदन कुमार ने बताया कि इन ग्राम सभाओं में उन लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया जिनकी किश्तें तकनीकी कारणों से लंबित हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी ग्राम सभा 29 मई को आयोजित की जाएगी। ज़िले में आज पटवार वृत्त स्तर पर भी किसान सम्मान योजना को लेकर विशेष शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने किसान लाभार्थियों से इन शिविरों एवं ग्राम सभाओं में भाग लेने और संबंधित दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

.........................................

अनुपम कश्यप

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जाते हैं। शिमला में आज राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने लगभग सौ करोड़ रुपए के तीन प्रस्ताव राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। अनुपम कश्यप ने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि का इस्तेमाल उन स्थानों पर होता है जहां पर आपदा का अधिक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पहले प्रस्ताव के अंतर्गत शहर के भीतर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों के चैनलाईजेशन के लिए 85 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। दूसरा प्रस्ताव 9 करोड़ 83 लाख

रूपए की लागत से लक्कड़ बाजार और रिज मैदान के बीच में सिंकिंग जोन की मुरम्मत का है। उपायुक्त ने कहा कि इसके अलावा राज्य के 32 शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 12 करोड़ रुपए की विशेष योजना के प्रस्ताव तैयार किये गए हैं, जिसमें रामपुर, नेरवा, कुफरी और चिड़गांव क्षेत्र शामिल है।

-----------------------------------------